# शराबी पति ने जेवर नहीं देने पर पत्नी की हत्या का किया प्रयास

ठाणे, 13 फरवरी (भाषा)

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के एक व्यक्ति को झगड़े के बाद अपनी पत्नी की हत्या करने के कथित प्रयास के लिए गिरफ्तार किया गया। बिजली मिस्त्री का काम करने वाले गुड्डू महबूब अंसारी के शराब पीने की आदतों के कारण उसका अपनी पत्नी से अकसर झगड़ा होता था। पुलिस निरीक्षक सचिन संदबोर ने बताया कि दंपति के दो बच्चे भी हैं। शांति नगर में दोनों के बीच 11 और 12 फरवरी की दरम्यानी रात एक बार फिर तब झगड़ा हुआ जब व्यक्ति ने शराब खरीदने के लिए जेवर मांगे । पैसे नहीं रहने के कारण वह जेवर बेच कर शराब पीना चाहता था।

उन्होंने बताया कि महिला ने जेवर देने से मना कर दिया तो अंसारी ने पंखे में दुपट्टा बांध कर उसे फंदे से लटकाने का प्रयास किया । पत्नी ने जब शोर मचाया तो उसने उसे नीचे उतार दिया । घायल होने पर महिला को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका उपचार चल रहा है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया और भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या की कोशिश), 506 (दो) (आपराधिक डराना धमकाना) और 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझ कर अपमान करना) के तहत मामला दर्ज किया गया।

# मस्जिद में मिला तहरीक उल मुजाहिदीन के पूर्व प्रमुख का शव

श्रीनगर, 13 फरवरी (भाषा)।

तहरीक उल मुजाहिदीन के पूर्व प्रमुख और जमीयत-ए-अहली हदीस नेता शौकत शाह की हत्या मामले के आरोपी अब्दुल गनी डार का शव गुरुवार को मस्जिद में मिला।

बडगाम जिले के बीरवाह के रहने वाले अब्दुल गनी डार मैसूमा के जमीयत-ए-अहली हदीस मस्जिद में मृत मिला। डार 1990 में आतंकवादी संगठन तहरीक-उल-मुजाहिदीन का प्रमुख रह चुका है। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि दोपहर में मैसूमा में मस्जिद के भीतर एक व्यक्ति की हत्या की सूचना मिली है। प्रवक्ता ने कहा, 'इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी ने अपराध स्थल का दौरा किया और व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लिया।' प्रवक्ता ने बताया, 'मृतक की पहचान अब्दुल गनी डार उर्फ गनी गजाली के रूप में हुई है। उनकी उम्र 80 साल है।' पुलिस अधिकारी ने बताया कि डार के सिर पर चोटों के दो निशान हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस मस्जिद के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि यह स्थापित किया जाए कि क्या उनकी हत्या हुई है।

जमीयत-ए-अहली हदीस के प्रमुख मौलाना शौकत शाह की मौत मस्जिद के बाहर शुक्रवार की नमाज से पहले आठ अप्रैल, 2011 में हो गई थी। डार इस हत्या मामले में सहआरोपी था और अभी जमानत पर चल रहा था। प्रवक्ता ने बताया कि अपराध स्थल पर फोटोग्राफी और वीडियो रिकॉर्डिंग हुआ है और घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। उन्होंने कहा, 'परिसर में गहन तलाशी हुई है और वह समुदाय को आश्वस्त करते हैं कि निष्पक्ष और पेशेवर तरीके से तेजी से जांच होगी।'



**सूचना संसार**

श्रीनगर में गुरुवार को इंटरनेट सेवाएं दोबारा बहाल होने के बाद अपना मोबाइल देखतीं एक महिला पत्रकार।

# त्रिपुरा में नाबालिग लड़की से बलात्कार मामले में दो लोगों को मृत्युदंड

अगरतला, 13 फरवरी (भाषा)।

त्रिपुरा की एक जिला अदालत ने पिछले साल दिसंबर में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार और हत्या मामले में गुरुवार को दो लोगों को मौत की सजा सुनाई। गोमती जिले के उदयपुर में विशेष अदालत के न्यायाधीश एके नाथ ने कास्थाराय त्रिपुरा और अनंत त्रिपुरा को लड़की से दुष्कर्म और हत्या का दोषी माना और सजा सुनाई।

पीड़िता के भाई की ओर से दायर शिकायत के मुताबिक दोनों ने पिछले साल पांच दिसंबर को स्कूल से लौटते समय लड़की से बलात्कार कर उसकी हत्या करने के बाद शव को नूतन बाजार थाना अंतर्गत कृष्णाकंटापारा बस्ती के पास जंगल में गाड़ दिया। सघन तलाशी के बाद शव को बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने आईपीसी और पॉक्सो कानून की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान 32 लोगों की गवाही दर्ज की गई।

# सीबीआइ ने दामोर की संदिग्ध मौत का मामला बंद किया

नई दिल्ली, 13 फरवरी (भाषा)।

सीबीआइ ने एमबीबीएस छात्रा नम्रता दामोर की संदिग्ध मौत के मामले में गुरुवार को मामले को बंद करने की रिपोर्ट दाखिल कर दी। व्यापमं घोटाले में नाम सामने आने के बाद दामोर का शव 2012 में उज्जैन में रेलवे लाइन के पास मिला था। अधिकारियों ने बताया कि एजंसी ने इंदौर में विशेष अदालत के समक्ष रिपोर्ट दाखिल की है। सीबीआइ ने 2017 में क्लोजर रिपोर्ट रिपोर्ट दाखिल करने के साथ दावा किया था कि दामोर ने खुदकुशी की थी जिसे पिछले साल जुलाई में अदालत ने खारिज कर दिया था।

**व्यापम घोटाला मामला**

यह रिपोर्ट दामोर के फोन के टॉवर के लोकेशन, गवाहों के बयान आदि पर आधारित थी लेकिन अदालत ने इसमें कई खामियां गिनाते आगे जांच करने को कहा था। दामोर की मौत के मामले में दो अलग-अलग पैनलों द्वारा दी गई अंत्यपरीक्षण रिपोर्ट में विरोधाभासी तथ्य सामने आए थे। एक पैनल ने गैर इरादतन हत्या का संकेत दिया था तो दूसरे पैनल ने खुदकुशी की आशंका जताई थी।

शुरुआत में हत्या का मामला दर्ज करने वाली मध्यप्रदेश पुलिस ने अंत्यपरीक्षण की दूसरी रिपोर्ट के तथ्यों के आधार पर इसे बंद कर दिया था। दामोर का शव उज्जैन में क्याथा थाना अंतर्गत रेलवे पटरी के पास मिला था।

दामोर के पिता के साक्षात्कार के बाद झाबुआ जिले के मेघनगर शहर में टीवी पत्रकार अक्षय सिंह की अचानक मौत के बाद मामला फिर से सुर्खियों में आ गया था। दामोर इंदौर में सरकारी एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पढ़ती थी और ऐसी आशंका थी कि उसने व्यापमं घोटाले में संलिप्त गिरोह की मदद से दाखिला लिया था। मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल या व्यापमं से संबंधित घोटाला 2013 में उजागर हुआ था ।

# वीआइपी दौरे और रैलियों के दौरान पुलिसकर्मियों को बैठने की अनुमति मिले : पवार

मुंबई, 13 फरवरी (भाषा)।

राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख को यह कहते हुए पत्र लिखा कि विशेष लोगों के दौरे और रैलियों के दौरान पुलिसकर्मियों को बैठने की इजाजत मिले। पवार ने कहा कि गृह विभाग को यह दिशानिर्देश बनाने चाहिए जिसमें आयोजकों को कार्यक्रमों के दौरान पुलिसकर्मियों के बैठने के लिए कुर्सियां उपलब्ध करानी चाहिए। पवार ने 10 फरवरी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि वीआइपी दौरे और रैलियों के दौरान पुलिसकर्मियों को खड़े रहना पड़ता है।

**ASSOCIATED FINMAN LIMITED**

**Regd. Office:** 59/17, Ground Floor, Bahubali Apartments New Rohtak Road New Delhi-110005
**Email Id:** rkked@yahoo.co.in; **Tel No.:** +91 1132963621
**CIN:** L65910DL1984PLC018871, **Website:** www.associates.net.in

**Statement of Standalone Un-Audited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December 31, 2019** (Amount in Rs.)

| Particular | 3 Months ended | Year to Date fugures for current period ended | Corresponding 3 Months ended in the previous year |
|---|---|---|---|
| | 31.12.2019 | 31.12.2019 | 31.12.2018 |
| | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited |
| Total income from operations (net) | - | - | - |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | (55234) | (198690) | (25153) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | (55234) | (198690) | (25153) |
| Paid-up Equity Share Capital | 9053280 | 9053280 | 9053280 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs. 10/- each): Basic & Diluted [in Rupees] | (0.06) | (0.22) | (0.03) |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs. 10/- each): Basic & Diluted [in Rupees] | (0.06) | (0.22) | (0.03) |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results is available on the Stock Exchange websites: www.msei.in

For Associated Finman Limited
Sd/-
(Dhiraj Gupta)
Managing Director

Place: Delhi
Date: 13.02.2020

**NEWAGE MARKETING LIMITED**

**Regd. Office:** 59/17, Bahubali Apartments, New Rohtak Road, New Delhi-110005
**Email Id:** rkked@yahoo.co.in; **Tel No.:** +91 11-28711851
**CIN:** L51909DL1984PLC018695, **Website:** www.newagemarketing.in

**Statement of Standalone Un-Audited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December 31, 2019** (Amount in Rs.)

| Particular | 3 Months ended | Year to Date fugures for current period ended | Corresponding 3 Months ended in the previous year |
|---|---|---|---|
| | 31.12.2019 | 31.12.2019 | 31.12.2018 |
| | Un-Audited | Un-Audited | Un-Audited |
| Total income from operations (net) | - | - | - |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | (54184) | (197640) | (25265) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | (54184) | (197640) | (25265) |
| Paid-up Equity Share Capital | 8358310 | 8358310 | 8358310 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs. 10/- each): Basic & Diluted [in Rupees] | (0.06) | (0.24) | (0.03) |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs. 10/- each): Basic & Diluted [in Rupees] | (0.06) | (0.24) | (0.03) |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results is available on the Stock Exchange websites; www.msei.in

For Newage Marketing Limited
Sd/-
(Manish Arora)
Managing Director

Place: Delhi
Date: 13.02.2020

# मप्र में घोषणापत्र लागू नहीं हुआ तो सड़कों पर उतरेंगे : सिंधिया

टीकमगढ़ (मप्र), 13 फरवरी (भाषा)।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि यदि मध्य प्रदेश में सरकार पार्टी के घोषणापत्र को पूरा लागू नहीं करती है तो वह सड़कों पर उतरेगें। उन्होंने दिल्ली चुनाव में पार्टी की हार के बाद सोच बदलने की भी जरूरत बताई।

संत रविदास जयंती के अवसर पर जिले में कुडीला गांव में सभा को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा, 'मेरे अतिथि शिक्षकों को मैं कहना चाहता हूं। आपकी मांग मैंने चुनाव के पहले भी सुनी थीं। मैंने आपकी आवाज उठाई थी और ये विश्वास मैं आपको दिलाना चाहता हूं कि आपकी मांग जो हमारी सरकार के घोषणापत्र में अंकित है, वो घोषणापत्र हमारे लिए हमारा ग्रंथ है।' उन्होंने अतिथि शिक्षकों को सब्र रखने की सलाह देते हुए कहा कि अगर उस घोषणापत्र का एक-एक अंग पूरा न हुआ तो अपने को सड़क पर अकेले मत समझना।

**फार्म जी**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण**
**(दिवाला तथा दिवालिया (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिये दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 36 ए (1) के अंतर्गत)**

| | संबंधित विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम | फेडर्स इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि | 16.01.1957 |
| 3. | वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित पंजीकृत हैं | आरओसी- कानपुर |
| 4. | कॉर्पोरेट ऋणधारक का कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | L29299UP1957PLC021118 |
| 5. | कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | पंजी. कार्यालयः 6 तथा 6/1, यूपीएस आईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया, सिकन्दराबाद, बुलन्दशहर, उ.प्र.-203205<br>कार्पो. कार्या.: सी-4, फेज-II, गौतमबुध नगर, नोएडा, उ.प्र.-201305 |
| 6. | कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि | 14.8.2019 (एनसीएलटी की बेबसाइट पर 16.8.2018 को आदेश अपलोड की गई) |
| 7. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | मूल रूप से 27.10.2019 को आमंत्रित की गई, 14.02.2020 को पुनः आमंत्रित |
| 8. | संहिता की धारा 25(2) (एच) के अंतर्गत प्रस्ताव आवेदकों की पात्रता उपलब्ध हैः | आइपीई की वेबसाइट जिससे प्रस्ताव कर्मी संबंधित हैं अर्थात् www.rbsa.in |
| 9. | धारा 29ए के अंतर्गत लागू होने वाले अयोग्यता का मानक उपलब्ध है। | वैकल्पिक रूप से यह सूचना अधोलिखित ई-मेल आईडीः ip.fedders@rbsa.in तथा ashok.gulla@rbsa.in से प्रस्ताव कर्मी से मांगी जा सकती है। |
| 10. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि | 27.2.2020 |
| 11. | संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अस्थाई सूची जारी होने की तिथि | 27.02.2020 |
| 12. | अस्थाई सूची के प्रति आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि | 2.3.2020 |
| 13. | संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अंतिम सूची जारी होने की तिथि | 2.3.2020 |
| 14. | संभावित प्रस्ताव आवेदकों को प्रस्ताव योजना के लिये सूचना मेमोरैण्डम, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा अनुरोध जारी होने की तिथि | 27.2.2020 |
| 15. | प्रस्ताव योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना मेमोरैण्डम तथा अधिक जानकारी प्राप्त करने का तरीका | प्रस्ताव योजना के लिये अनुरोध (आरएफआरपी), मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा सूचना मेमोरैण्डम (आईएम ) रिजॉल्यूशन प्रॉफेशनल से अधोलिखित ई मेल आईडी ज द्वारा मांगी जा सकती हैः ip.fedders@rbsa.in तथा ashok.gulla@rbsa.in आरएफआरपी, मूल्यांकन मैट्रिक्स एवं आईएम दिवाला एवं दिवालिया संहिता, 2016 की धारा 29/2) के अंतर्गत गोपनीयता का वचन देने के बाद प्राप्त की जाएगी। |
| 16. | प्रस्ताव योजना जमा करने की अंतिम तिथि | 16.03.2020 |
| 17. | प्रस्तावकर्मी के पास प्रस्ताव योजना जमा करने का तरीका | प्रस्ताव योजना निम्न पते पर मुहरबंद लिफाफे में जमा की जायेगीः श्री अशोक कुमार गुल्ला, प्रस्ताव कर्मी, फेडर्स इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड के लिये, सी/ओः आर बी एस ए रीस्ट्रक्चरिंग एडवायजर्स एलएलपी, 2 रा तल, आई ए पीएल हाउस, 23 साउथ पटेल नगर, नई दिल्ली-110008 |
| 18. | स्वीकृति के लिये निर्णायक प्राधिकरण के पास प्रस्ताव जमा करने की अनुमानित तिथि | 25.04.202020 |
| 19. | प्रस्ताव कर्मी का नाम तथा पंजीकरण संख्या | अशोक कुमार गुल्ला<br>IBBI/IPA-003/IP-N00024/2017-18/10174 |
| 20. | बोर्ड में यथा-पंजीकृत प्रस्ताव कर्मी का नाम, पता तथा ई-मेल | अशोक कुमार गुल्ला<br>आरबीएसए रीस्ट्रक्चरिंग एडवायजर्स एलएलपी, 2 रा तल, आईएपीएल हाउस, 23, दक्षिण पटेल नगर, नई दिल्ली-110008<br>ई-मेल आईडीः ashok.gulla@rbsa.in |
| 21. | प्रस्ताव कर्मी के साथ पत्राचार के लिये प्रयोग करने के लिये पता तथा ईमेल | आरबीएसए रीस्ट्रक्चरिंग एडवायजर्स एलएलपी, 2 रा तल, आईएपीएल हाउस, 23, दक्षिण पटेल नगर, नई दिल्ली-110008<br>ई-मेल आईडीः ip.fedders@rbsa.in |
| 22. | विस्तृत विवरण उपलब्ध हैं | अधिक विवरण अधोलिखित ईमेल आईडीज द्वारा प्रस्तावकर्मी से प्राप्त की जा सकती हैः ip.fedders@rbsa.in तथा ashok.gulla@rbsa.in |
| 23. | फार्म जी के प्रकाशन की तिथि | मूल रूप से 27.10.2019 को जारी की गई 14.02.2020 को फिर से जारी की गईं |

फेडर्स इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (कॉर्पोरेट ऋणधारक) रेलवे तथा अन्य क्षेत्रों के आपूर्तिकर्ता के लिये एसी/एचवीएसी के निर्माण/व्यवसाय; स्टील स्ट्रक्चरिंग एंड फैब्रिकेशन तथा कमीशनिंग; तथा रेलवे के लिये ओवर हेड इलेक्ट्रिकल पारेषण लाइनों के कार्य में संलग्न है। उक्त व्यावसायिक कार्यों के लिये ओवरहेड इलेक्ट्रिकल पारेषण लाइनों के कार्य में संलग्न है। उक्त व्यावसायिक कार्यों के लिये विभिन्न स्थानों पर उसके पास सात कारखाने हैं। अतः अभिरूचि की अभिव्यक्ति संभावित प्रस्ताव आवेदकों से क) समग्र व्यवसाय; ख) एसी/एचवीएसी प्रभाग के लिये पृथक रूप से अथवा अन्य व्यावसायिक प्रभाग (गों) के साथ संयुक्त रूप से तथा ग) एसी/एचवीएसी प्रभाग के अतिरिक्त डिवीजन-वाइज स्लम्प सेल पर पृथक रूप से अथवा अन्य प्रभाग (गों) (फैक्ट्री के साथ) कॉर्पोरेट ऋणधारक की परिसम्पत्तियों को अधिकतम मूल्य दिलाने के लिये संयुक्त रूप से मांगी जा रही है। अधिक विवरणों के लिये कृपया 'CIRP Assignment' खंड में www.rbsa.in देखें।

**फेडर्स इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड के लिये**
**हस्ता/-**
**अशोक कुमार गुल्ला**
**प्रस्ताव कर्मी**

**तिथिः 14.02.2020**
**स्थानः नई दिल्ली**




www.readwhere.com




www.readwhere.com

